प्रेस विज्ञप्ति / Press Release **23 दिसम्बर / December, 2019**

एमएसएमई पारितंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु सिडबी द्वारा तेलंगाना में संपर्क कार्यक्रम का आयोजन

SIDBI launches outreach programme for strengthening MSME ecosystem in Telangana

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास में संलग्न शीर्ष संस्था भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ने विकास आयुक्त (सिडबी), एमएसएमई मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय और तेलंगाना सरकार के सहयोग से एमएसएमई पारितंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए हैदराबाद, तेलंगाना में संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया। इस संपर्क कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई के लाभ के लिए गतिविधियों को और आगे बढ़ाने तथा विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों के संबंध में ज्ञान का प्रसार करने में राज्य सरकार और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग को बढ़ाना है।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the principal financial institution engaged in the promotion, financing and development of Micro, Small & Medium Enterprises (MSMEs), organised an Outreach programme for strengthening Micro, Small & Medium Enterprises ecosystem in Hyderabad, Telangana in collaboration with Development Commissioner - Ministry of MSME, Department of Financial Services – Ministry of Finance and Government of Telangana. The main objective of the outreach programme was collaborating with the state government and other stakeholders for taking up further activities for the benefit of MSMEs and knowledge dissemination on digital platforms.

इस अवसर पर सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद मुस्तफा, आईएएस ने कहा कि “यह प्रयास हमारे सिडबी विज़न 2.0 का एक अंग है, जिसके अंतर्गत मिशन स्वावलंबन हमारी सर्वसमावेशी पहलकदमी है। इस प्रयास का प्रधान उद्देश्य एमएसएमई के हितधारकों की अपेक्षाओं का आकलन करना, राज्य की उत्कृष्ट प्रथाओं को चिह्नित करना और राज्य विशेष की योजनाओं के संबंध में सुझाव देना है। हम इन कार्यक्रमों में एमएसएमई उद्यमों द्वारा अधिक से अधिक भागीदारी की उम्मीद करते हैं और उनसे आग्रह करते हैं की वे इन पहलकदमियों का अधिकाधिक लाभ उठाएँ।”

On this occasion, Shri Mohammad Mustafa, IAS, Chairman and Managing Director, SIDBI, said, "This initiative is a part of our SIDBI Vision 2.0 under which Mission Swavalamban is our umbrella initiative. The prime objective of the initiative is to gauge the expectation of MSME stakeholders, identify the good practices of the State and suggest State-specific schemes. We expect greater participation by MSMEs in these programmes and urge them to make best use of these initiatives."

सिडबी द्वारा उद्योगों तक पहुँचने का आधे दिन का यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम पर बनी सेबी के पूर्व अध्यक्ष श्री यू.के. सिन्हा की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिश पर आधारित है। इसके तहत सिडबी द्वारा राज्य सरकारों के साथ सहयोग करके राज्य से सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम इकाइयों को अन्यान्य डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म जैसे पीएसबीलोन्स इन 59मिनट्स, स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीकरण, ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म आदि पर लाना शामिल है। इस पहल के तहत यह 7वाँ संपर्क कार्यक्रम है। उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, और राजस्थान राज्यों में ऐसे 6 कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इन कार्यक्रमों के लक्षित सहभागियों में राज्य सरकारें, बैंक, उद्योग संघ, तकनीकी परामर्श संगठन, एमएसएमई एवं अन्य संबंधित हितधारक शामिल हैं।

This half-day outreach programme by SIDBI is based on recommendation of the expert committee on MSMEs headed by Shri U.K. Sinha, former chairman of Securities and Exchange Board of India (SEBI), for SIDBI to collaborate with State Governments to get MSME units boarded onto digital platforms such as PSBloansIn59minutes, e-commerce platforms, listing on stock exchanges, etc. This is the 7th outreach programme under the initiative. Six programmes have already been organised in the states of Uttar Pradesh, Bihar, Uttarakhand, Gujarat, Maharashtra & Rajasthan. The target audience for these programs were officials from State Governments, banks, industry associations, Technical Consultancy Organizations (TCOs), MSMEs and other relevant stakeholders.

तेलंगाना राज्य के हैदराबाद में आयोजित इस कार्यक्रम में तेलंगाना सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों सहित उद्योग निदेशालय, जिला उद्योग केंद्र, भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंकों, एमएसएमई विकास संगठन, उद्योग संघ और एमएसएमई के विभिन्न हितधारकों की अच्छी भागीदारी रही। कार्यक्रम में एमएसएमई के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, पीएसबी लोन इन 59 मिनिट्स, स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्टिंग, ई-कॉमर्स प्लेटफार्म - सरकारी ई-मार्केट प्लेस (जेम), एमएसएमई के लिए एमएसएमई-डीआई की योजनाएँ, ब्याज अनुदान योजना, उद्यमीमित्र, मिशन स्वावलंबन, प्रयास योजना और सिडबी की अन्य पहलें इत्यादि विषयों पर ज्ञान-सत्र सम्मिलित थे। इन सत्रों के बाद प्रतिभागियों द्वारा आपसी चर्चा की गई।

The programme held at Hyderabad in the State of Telangana witnessed good participation from various stakeholders including senior officials of Govt. of Telangana, Directorate of Industries, District Industries Centres, Reserve Bank of India (RBI), Banks, MSME development organisations, Industry Associations and MSMEs. There were knowledge sessions on State Government Schemes for MSMEs, PSBLoansIn59Minutes, opportunities for MSMEs for listing on Stock

Exchange, ecommerce platforms - Government e-Marketplace (GeM), schemes of MSME-Development Institute (MSME-DI) for MSMEs, interest subvention, Udyami Mitra, Mission Swavalamban, Prayas Scheme and other Initiatives of SIDBI. The sessions were followed by discussions by participants.

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जयेश रंजन, आईएएस, प्रधान सचिव, आईटी, उद्योग एवं वाणिज्य, तेलंगाना सरकार ने की। प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में श्री वी. सत्या कुमार, निदेशक, सिडबी, श्री वाई जय कुमार, महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, श्री यू.एन.एन. मइया, महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, तेलंगाना के संयोजक, श्री डी. चन्द्रशेखर, अतिरिक्त औद्योगिक सलाहकार, एमएसएमई-डीआई, महानिदेशक, एनआई-एमएसएमई एवं प्रमुख निदेशक, सीआईटीडी उपस्थित थे। इस पहल के लिए बतौर महत्वपूर्ण साझेदार - जीईएम, पीएसबी लोन इन 59मिनिट्स, नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज (NSE) और डन एंड ब्रैडस्ट्रीट (डी एंड बी) हैं।

The programme was chaired by the Chief Guest Shri Jayesh Ranjan, IAS, Principal Secretary, Information Technology and Industries & Commerce Departments of Government of Telangana. The key dignitaries present were Shri V. Sathya Kumar, Director, SIDBI, Shri Y. Jaya Kumar, General Manager, RBI, Shri UNN Maiya, General Manager, State Bank of India (SBI) & Convenor, State Level Bankers' Committee (SLBC), Telangana and Shri D. Chandra Sekhar, Additional Industrial Advisor, MSME-DI, Director General, National Institute for Micro, Small and Medium Enterprises (NI-MSME) & Principal Director, Central Institute of Tool Design (CITD). The valued partners for the initiative are GeM, PSBLoansIn59Minutes, National Stock Exchange (NSE) and Dun & Bradstreet (D&B).

सिडबी के बारे में: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों, उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in पर जाएँ।

About SIDBI: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and

Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. To know more, check out: https://www.sidbi.in

मीडिया संपर्क: नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: **+**91 8879760249, ई मेल: neelasrib@sidbi.in

Media contact: Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in